कांग्रेस भवन में धरना देते हुए कांग्रेसी।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने शहीद जवान की शहादत को किया नमन

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने 6 कुमाऊँ रेजीमेंट के हल्द्वानी निवासी सूबेदार यमुना प्रसाद पनेरू की जम्मू–कश्मीर में ड्यूटी का निर्वहन के दौरान शहादत को नमन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शहीद के परिवार जनों के साथ है। सूबेदार यमुना प्रसाद पनेरू जम्मू–कश्मीर मे गुरूवार रात्रि पेट्रोलिंग करते हुए शहीद हो गए थे।

### दो ग्राम विकास अधिकारी पदोन्नत

**संवाददाता** डोईवाला। डोईवाला विकासखंड के अंतर्गत दो ग्राम विकास अधिकारी की पदोन्नति हुई हैं। उत्तराखंड के आयुक्त ग्राम विकास पौड़ी गढ़वाल की ओर से जारी सूची में डोईवाला विकासखंड में कार्यरत ग्राम विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह बिष्ट व ग्राम विकास अधिकारी जोगेंद्र सिंह राणा का सहायक खंड विकास अधिकारी में पदोन्नत हुआ है।

### प्लास्टिक को पूरी तरह से करें प्रतिबंधित, ज्ञापन

**संवाददाता** डोईवाला। विश्व हिंदू परिषद व गौ रक्षा समिति ने उत्तराखंड में सभी जगहों पर प्लास्टिक को पूरी तरह प्रतिबंध किए जाने की मांग उठाई है। हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी भेजा गया। राष्ट्रीय गौरक्षा आंदोलन समिति के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ओम उपाध्याय के नेतृत्व में विश्व हिंदू परिषद व हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में अवगत कराया कि प्रदेश में प्लास्टिक की पन्नियो का फिर जोर शोर से इस्तेमाल शुरू हो चुका है।

### कालू सिद्ध बाबा का वार्षिक उत्सव स्थगित

**संवाददाता** डोईवाला। हर साल जून के दूसरे रविवार को बड़े ही धूमधाम से सभी के आराध्य देव कालू सिद्ध बाबा का वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है लेकिन इस वर्ष कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण के चलते हुए स्थगित कर दिया गया है। समिति के देवेश शर्मा ने कहा कि मगर इस बार वैश्विक महामारी के कारण 14 जून को होने वाला कालू सिद्ध बाबा का वार्षिक उत्सव कालू सिद्ध बाबा मंदिर समिति द्वारा और महंत अंकुश शमा के विचार विमर्श के बाद स्थगित कर दिया गया है।

### पीपुल्स फोरम उत्तराखंड का धरना 31वें दिन भी जारी

**संवाददाता** देहरादून। श्रम कानून के निलंबन व संशोधन के खिलाफ पीपुल्स फोरम उत्तराखंड का धरना 31वें दिन अपने आवास पर जारी रहा। पीपुल्स फोरम उत्तराखंड के संयोजक जयकृत कंडवाल ने कहा कि केंद्र की सरकार व राज्य सरकारें श्रम कानून में संशोधन को लेकर जल्दबाजी कर रही है।

## प्रदेश सरकार के शिक्षा मंत्री का बयान दुर्भाग्यपूर्ण व अपमानजनकः यूकेडी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड सरकार के शिक्षा मंत्री का शर्मसार बयान कि जो अभिभावक प्राइवेट स्कूलों में फीस नही दे पा रहे है वह अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाये। कोरोना काल मे शिक्षा मंत्री की इस सोच को दुर्भाग्यपूर्ण के साथ अपमानजनक बयान है, जिसका उक्रांद घोर निंदा करता है।

यहां जारी एक बयान में दल के केन्द्रीय प्रवक्ता सुनील ध्यानी ने कहा है कि आज प्राइवेट सेक्टरों में काम करने वाले, होटल लाइन में काम करने वालो का कोरोना महामारी के कारण रोजगार खत्म हो चुका है, जहां ये लोग आर्थिक तंगी में जी रहे है और इन सभी अभिभावकों का कहना है कि 3 महीने की फीस माफ की जाय। उन्होंने कहा कि लेकिन राज्य सरकार प्राइवेट स्कूलों के मालिकों के आगे नतमस्तक हो गयी है। उनके खिलाफ कठोर कदम उठाने की जगह अभिभावकों का शोषण किया जा रहा है। राज्य सरकार की इस प्रताड़ना जैसे व्यवहार को बर्दाश्त नही किया जायेगा, तथा शिक्षा मंत्री अरबिंद कुमार पांडेय अपने इस कृत्य के लिये माफी मांगे। उन्होंने कहा कि दल राज्य के शिक्षा मंत्री के बयान की घोर निंदा करता है और यदि शीघ्र ही शिक्षा मंत्री ने माफी नहीं मांगी तो सड़कों पर उतरकर उनके खिलाफ आंदोलन को तेज किया जायेगा।

# पिरूल एकत्र पर प्रति क्विंटल 100 रूपए देगी राज्य सरकार

**समीक्षा**

सोलर व पिरूल प्रोजेक्ट में प्रक्रियाएं समय पर पूरी हों: मुख्यमंत्री

संबंधित फाईल एक सप्ताह से ज्यादा लम्बित नहीं रहनी चाहिए

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री ने सचिवालय में वीडियो कांफ्रेंसिग द्वारा कहा कि सोलर व पिरूल प्रोजेक्ट को प्राथमिकता से लिया जाए। किसी भी एसडीएम के पास इनसे संबंधित फाईल एक सप्ताह से ज्यादा लम्बित नहीं रहनी चाहिए। जिलाधिकारी लगातार इसकी समीक्षा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में पिरूल प्रोजेक्ट में पिरूल एकत्रीकरण पर स्वयं सहायता समूहों को एक रूपया प्रति किलो वन विभाग और 1.5 रूपया (एक रूपया पचास पैसे) प्रति किलो विकासकर्ता द्वारा दिया जाता है। अब राज्य सरकार भी अतिरिक्त 1 रूपया प्रति किलो अर्थात 100 रूपए प्रति क्विंटल की राशि देगी।



**मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में ट्रेडिंग भी शामिलः** अपर मुख्य सचिव श्रीमती मनीषा पंवार ने बताया कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में विनिर्माण व सेवा क्षेत्र के साथ ट्रेडिंग को भी लिया गया है। योजना की वेबसाइट पर मॉडल प्रोजेक्ट अपलोड किए गए हैं। प्रोजेक्टों की डीपीआर के स्टैंडर्ड फार्मेट भी उपलब्ध कराए गए हैं। वेबसाइट लांच करने के कुछ ही दिनों में काफी लोगों ने आवेदन किया है।

**सोलर और पिरूल प्रोजेक्टः** सचिव श्रीमती राधिका झा ने प्रदेश में सोलर व पिरूल प्रोजेक्टों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सोलर में 283 परियोजनाएं आवंटित की गई हैं जिसमें 203 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा और 800 करोड़ रूपए का निवेश होगा। बहुत सी परियोजनाओं का यूपीसीएल का करार हो चुका है। पिरूल के भी 38 प्रोजेक्ट आवंटित किए जा चुके हैं। इनका भी यूपीसीएल के साथ करार किया जा चुका है।

वीडियो कांफ्रेंसिग में मुख्यमंत्री के आईटी सलाहकार रवीन्द्र दत्त, मीडिया सलाहकार रमेश भट्ट, सचिव एल फैनई, अमित नेगी, आर मीनाक्षी सुंदरम, निदेशक उद्योग सुधीर नौटियाल सहित अन्य अधिकारी व जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# आत्महत्या के लिए राज्य सरकार दोषी

**आरोप**

■ नरेंद्र और त्रिवेन्द्र सरकार ने कोरोना पर अपने हाथ खड़े

देहरादून। **संवाददाता**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा है कि राजधानी क्षेत्र के क्वारंटाइन सेंटर में एक युवक द्वारा आत्महत्या करना राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगाता है और प्रदेश में अब तक दो युवाओं ने क्वारंटाइन सेंटर में आत्महत्या की है जिसके लिए प्रदेश सरकार पूर्ण रूप से दोषी है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जनता आत्मनिर्भर बने के बयान के बाद केन्द्र में नरेन्द्र मोदी व उत्तराखंड में त्रिवेन्द्र सरकार ने कोविड 19 से अपने हाथ खड़े कर लिये है।

कांग्रेस भवन में पत्रकारों से रूबरू होते हुए धस्माना ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश सरकार को शुरूआती दौर से ही आगाह करती आ रही थी कि जहां जहां क्वारंटाइन सेंटर बनाये गये है वहां पर किसी भी प्रकार की सुविधायें नहीं है, पानी, बिजली, शौचालय, खान पान की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है लेकिन इसके बाद भी सरकार नहीं चेती है और इन सेंटरों में कोई सुविधायें मुहैया नहीं कराई है और पौडी के एक क्वारंटाइन सेंटर में युवक ने आत्महत्या की और राजधानी के बालावाला में एक युवक ने आत्महत्या कर ली और इससे पूर्व चार साल की बच्ची को सांप ने काट लिया और इन सब मौतों के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि प्रवासियों को 14 दिन क्वारंटाइन करने के बाद भी उनकी जांच नहीं हो पाई है और न ही रिपोर्ट मिल रही है जिसके कारण उन्हें 24–25 दिन तक इन सेंटरों में गुजारना पड़ रहा है और सेंटरों में प्रवासियों को भेड बकरियों की तरह रखा गया है जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ रही कोरोना संक्रमितों की संख्या के चलते अभी भी समय रहते हुए प्रदेश सरकार क्वारंटाइन सेंटरों को सुविधायुक्त बनाये और संस्थागत में भी आवश्यक सुविधायें की जानी चाहिए।

### एचआईवी से भी खतरनाक बंशीधर भगत वायरस

बीर्जपी के प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत के बयान की तीखे शब्दों में निंदा करतें हुए कहा कि कि कोरोना से खतरनाक कांग्रेस वायरस है, उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस के 135 साल पुराने इतिहास को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को जानना चाहिए और जिसके कारण आज वह विधायक व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष है। कांग्रेस ने देश को आजाद किया और उसके बाद राजनैतिक परिपाटी आरंभ हुई और कांग्रेस की बदौलत ही वह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष है।

## सचिवालय कार्मिकों की संख्या तथा कार्यालय की समयावधि कम किये जाने का आग्रह

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड सचिवालय संघ के प्रदेश अध्यक्ष दीपक जोशी ने अपर मुख्य सचिव सचिवालय प्रशासन विभाग को पत्र लिखकर सचिवालय परिसर में कोरोना संक्रमण के बढते प्रकरणों के दृष्टिगत कार्मिकों की संख्या तथा कार्यालय की समयावधि को कम किये जाने का आग्रह किया गया है।

जारी एक बयान में जोशी ने बताया कि सचिवालय में विगत दिनों आहूत मंत्रीमंडल की बैठक के उपरांत कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज कोरोना संक्रमण से ग्रसित होने के पश्चात संक्रमण का क्रम निरंतर बढ़ता जा रहा है जो अब उच्च शिक्षा अनुभाग एवं राज्य संपत्ति अनुभाग तक पहुंच चुका है अन्य अनुभागों में भी इसके फैलने की संभावना है। उन्होंने कहा कि 50 प्रतिशत के स्थान पर 33 प्रतिशत तक कार्मिकां को सीमित किया जायें और सांय पांच बजे के स्थान पर चार बजे तक नियत किया जाये।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।